



# ट्रेन में चढ़ते समय महिला का पैर फिसला, दरवाजे के हैंडल से लटकी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक महिला का पैर फिसल गया। इससे वह ट्रेन में आने वाली थी। रेलवे सुरक्षा बल की सूझबूझ एवं साहस से एक महिला यात्री की जान बचाई गई।

यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा निरंतर

### स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता से बची एक महिला यात्री की जान

सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाई जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को रेलवे स्टेशन रतलाम के प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर रेलवे सुरक्षा बल की सूझबूझ एवं साहस से एक महिला यात्री की जान बचाई गई।

जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 04002 नई दिल्ली–मुंबई सेंट्रल स्पेशल के रतलाम स्टेशन से प्रस्थान करने लगी, उसी दौरान एक महिला यात्री द्वारा स्लीपर कोच एस–3 में चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया गया। ट्रेन की गति बढ़ने पर महिला यात्री कोच के दरवाजे पर लगे हैंडिल से लटकती हुई नीचे





घसीटती हुई दिखाई दी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए ऑन ड्यूटी हेड कांस्टेबल चंद्रकांत तिवारी ने अत्यंत साहस, निडरता एवं त्वरित सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला यात्री का हाथ ट्रेन के हैंडिल से छुड़वाया। उसी समय हेड कांस्टेबल नरेंद्र राठौड़ द्वारा तत्परता से महिला यात्री को ट्रेन के नीचे जाने से पहले बाहर खींचकर सुरक्षित स्थान पर ले आए। ऑन ड्यूटी उपनिरीक्षक श्रद्धा ठाकुर द्वारा महिला यात्री को सहानुभूति पूर्वक समझाइश दी गई तथा चलती गाड़ी में न चढ़ने के लिए जागरूक किया गया,

> **चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें**
>
> पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने अपील की है कि चलती गाड़ी में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें, इससे न केवल आपकी बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है।

क्योंकि इससे जान को गंभीर खतरा हो सकता है।

### सतर्कता से बची जान

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस घटना में महिला यात्री पूर्णत: स्वस्थ एवं सुरक्षित है। ऑन ड्यूटी हेड कांस्टेबल नरेंद्र राठौड़ एवं चंद्रकांत तिवारी द्वारा कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता एवं सटीक निर्णय के कारण एक अनमोल जीवन की रक्षा संभव हो सकी। यह कार्य 'ऑपरेशन जीवन रक्षा' के अंतर्गत अत्यंत सराहनीय है।यात्री ने अपनी जान बचाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल/रतलाम का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया।

# ई–अटेंडेस नहीं लगने पर वेतन नहीं रोके

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय की अध्यक्षता एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद पुनी एवं प्रांतीय

### मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक में की मांग

मिडिया प्रभारी रामचंद्र लोहार के विशेष आतिथ्य में हुई। प्रांतीय कोषाध्यक्ष ने बताया कि हमें प्रत्येक 8 से 10 विद्यालय में माडल क्लस्टर संयोजक एवं सह संयोजक बनाए। प्रत्येक विद्यालय में कर्तव्य बोध दिवस मनाना है। जिला संरक्षक सर्वेश कुमार माथुर ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान को सभी विद्यालयों में





मनाया, जिसके लिए विध्यालयों में जाकर धन्यवाद ज्ञापित करना है। जिला सचिव जितेंद्रसिंह चौहान ने जिले में सदस्यता अभियान की समीक्षा की। संभागीय सदस्य संजय द्विवेदी, संजय राठौर ने समस्याओं की समीक्षा की। बैठक में ई–अटेंडेस नहीं लगने पर वेतन नहीं रोका जाए। क्रमोन्नति आदेश अन्य पर चर्चा की। दिलीप पोरवाल, सुखदेव शर्मा, कचरुलाल शर्मा, दयाराम गेहलोत, बीएल मड़ोतिया, दिनेश जायसवाल, सौरभ गुप्ता, संजय द्विवेदी, बाबूलाल छाबड़ा, गोपाल राठौर, सुनील कोठाने, सैलाना से रणजीत परमार आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### धारा 163 लागू : बिना अनुमति रैली, जुलूस और प्रदर्शन पर लगा प्रतिबंध

**रतलाम।** शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और यातायात को सुगम बनाने के लिए एसडीएम रतलाम शहर आर्ची हरित ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 23 फरवरी 2026 से आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा।जारी आदेशानुसार जिला न्यायालय, कलेक्टोरेट, अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और अन्य सरकारी कार्यालयों के आसपास भीड़ जमा करने या धरना देने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग निषिद्ध होगा। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक या सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रैली, जुलूस या धरना प्रदर्शन करने से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति लेना अनिवार्य होगा।धरना, आंदोलन इत्यादि हेतु टेंट पंडाल आदि का निर्माण सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किए बगैर नहीं किया जाएगा। यातायात में बाधा : सार्वजनिक सड़क, मार्ग, रोड, हाईवे पर भीड़ एकत्रित कर यातायात बाधित करना प्रतिबंधित है।बिना अनुमति के डीजे और लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शहर की सीमा में किसी भी प्रकार के आग्नेय शस्त्र (पिस्तौल, बंदूक) या घातक हथियार (बल्लम, खंजर, तलवार) लेकर चलना प्रतिबंधित है।यह नियम सुरक्षा बलों और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### चाइनीज मांझे एवं नायलॉन डोर पर लगा प्रतिबंध

**रतलाम।** मकर संक्रांति के आगामी पर्व को देखते हुए जिले में लोक प्रशांति कायम रखने, कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने, किसी अप्रिय स्थिति तथा जन धन की हानि की रोकथाम के लिए अपर जिला दण्डाधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत पूरे जिले में चाइना डोर (मांझा) और नायलॉन डोर के क्रय–विक्रय, उपयोग और भंडारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। उक्त आदेश आगामी 2 माह तक प्रभावशील रहेगा।

### चौमुखा महादेव का किया अभिषेक



**रतलाम।** श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा हाल ही में प्रारंभ की गई श्री चौमुखा महादेव सतत अभिषेक संकल्प के अंतर्गत आज श्री राम मंदिर कसारा ओंकाला खड़ा गणपती ट्रस्ट कसारा तागल समाज की ओर से बागड़ों का वास स्थित मंदिर में शिव अभिषेक किया गया ।अभिषेक पंडित त्रिभुवन जी पंड्या के द्वारा कराया जा रहा है। इस अवसर पर समाज के घनश्याम कसेरा के साथ–साथ समाज के प्रतिनिधि व सनातन धर्म सभा अध्यक्ष अनिल झालानी, इस संकल्प योजना के प्रमुख जुगल पंड्या, संयोजक रमेश पाठक, वरिष्ठ सदस्य रमेश व्यास, सुरेश दवे, अंकित मिश्रा आदि सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

### नाहर की स्मृति में 109 रक्तदाताओं का सम्मान

**जावरा।** सागरमल नाहर, मदनलाल नाहर एवं श्रीमती संगीता नाहर की स्मृति में जैन दिवाकर बहु मंडल, बडावदा सेवा समिति एवं रक्तदान संस्था, भारत विकास परिषद एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी ने रक्तदान शिविर मुख्य अतिथि इंदिरा नाहर, बाबूलाल नाहर, विजय नाहर, संजय नाहर तथा विशेष अतिथि कानसिंह चौहान, अनिल दसेडा, डॉ दिलीप शाकल्य की उपस्थिति में आयोजित किया। 109 रक्तदाताओं का सम्मान बडावदा सेवा समिति एवं बहू मंडल द्वारा किया। रेडक्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष वीरेंद्र सिसोदिया ने बताया, वर्तमान में मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है, जिसे सिविल लगाकर पूरा किया जाता है भारत विकास परिषद का अध्यक्ष पप्पू सिंह राठौड़ ने अधिक से अधिक रक्तदान करने का आह्वान किया बड़ौदा सेवा समिति के प्रवीण व्यास ने कहा कि व्यक्ति अपने परिजन के लिए रक्त लेता है तो उसे रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर जैन दिवाकर बहू मंडल, भारतीय रेडक्रॉस समिति के प्रदीप दसेडा, मनोज अग्रवाल, धर्मेंद्रसिंह तोमर, राजेश संघवी, नरेश मारवाड़ी, भूपेंद्र सारडा के साथ ही भारत विकास परिषद से शेखर नाहर, दिनेश भावसार, सुदीप भारती सहित कई सदस्य उपस्थित रहा।

### अटलजी ने वाणी विचार ओर राष्ट्रभक्ति से राजनीति को दी नई दिशा : विधायक

**जावरा।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जनशताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जावरा नगर मंडल द्वारा जीवदया सोसायटी गौशाला खाचरोद रोड पर अटलजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने कहाँ की अटलजी ने अपनी वाणी की मर्यादा, विचारों को पवित्रता व राष्ट्रभक्ति की दृष्टता से भारतीय राजनीति को नई दिशा प्रदान की। अटलजी करोडों कार्यकर्त्ताओं के मार्गदर्शक थे। विधायक ने अटलजी के बताए हुए मार्ग पर चलने का भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आव्हान भी इस मोके पर किया। इस जीवदया सोसायटी पर गायों को हरा चारा खिलाने के पूर्व भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर विधायक डॉ पांडेय, अशोक आंटिया, भाजपा जिला महामंत्री महेश सोनी, भाजपा जावरा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, महामंत्री अनिल धारीवाल व मनीष ऊंटवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष , नंदकिशोर महावर, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह भाटी, प्रमोद रावल, सुरेश चोरडिया, घनश्याम सोलंकी, अब्बास बोहरा मौजूद रहे।



# वाईस ऑफ सेंट्रल इंडिया सीजन–3 में भूवी व्यास के प्रथम आने पर किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** इंदौर के लाभमंडपम ऑडिटोरियम अभय प्रशाल में आयोजित वाईस ऑफ सेंट्रल इंडिया सीजन 3 में श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज की समाजजन एवं शहर की गौरव भूवी पियूष व्यास ने प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल शहर को गौरवान्वित किया। भूवी की इस गौरव पूर्ण उपलब्धि पर अखिल श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज नवयुवक संघ, श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाजजन, सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन, पतंजलि योग सेवा संस्थान, इलेक्ट्रिकल व्यापारी संगठन की उपस्थिति में सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अखिल श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज नवयुवक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास ने कहा कि समाज की धरोहर जब किसी उपलब्धि पर पहुंचती है तो गर्व महसूस होता है ।आज भूवी जिस मुकाम पर है निश्चित रूप से यह भविष्य की एक और लतामंगेशकरजी की तरह गायक बनेगी। विशेष अतिथि कुंडली विशेषज्ञ दिलीप जोशी, वरिष्ठ समाजजैन महावीर व्यास, समाज के कोषाध्यक्ष चेतन व्यास ,उपाध्यक्ष अरुणेश भूपेंद्र व्यास एवं इलेक्ट्रिकल व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के सिद्धार्थ कोठारी एवं पदाधिकारी संजय बोराणा, सुनील जैन, अभिलेश जैन, विशाल वर्मा, सुनील जैन, शंकरलाल मालवीय, सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर संगठन के पदाधिकारी की उपस्थिति में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

# 2017 से नहीं हुए महाविद्यालयों में चुनाव, ज्ञापन और आंदोलन करेंगे

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मालवा प्रांत मंत्री दर्शन कहार प्रेस वार्ता में पत्रकारों से अपनी बात रखी। आपने कहा कि मध्य प्रदेश में 2017 से महाविद्यालय छात्र संगठन के चुनाव नहीं हो रहे हैं। कई बार इस मुद्दे को उठाया है, मगर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शायद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नहीं चाहते हैं कि उनके जैसा नेता, छात्र राजनीति से बाहर आए। महाविद्यालय में छात्र संगठन चुनाव के लिए ज्ञापन दिया जाएगा, फिर भी मांग नहीं मानी गई तो आंदोलन भी किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रांत मंत्री श्री कहार ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मालवा प्रांत का तीन दिवसीय 58 वा अधिवेशन 28 दिसंबर से शुरू होगा। उद्घाटन करने के





लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आएंगे। 30 दिसंबर तक रूद्र पैलेस में होगा, जिसे लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल नगर के नाम दिया है। अधिवेशन में मध्य प्रदेश के 22 जिलों के करीब 550 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिसमें विद्यार्थियों सहित शिक्षक, शिक्षाविद, सम्मिलित है। पत्रकार वार्ता में स्वागत समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी एवं स्वागत समिति सचिव राजमल सूर्या मौजूद थे। संचालन नगर मंत्री अरुण जाट ने किया। अधिवेशन उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं विशेष अतिथि अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी रहेंगे। यह उद्घाटन समारोह 28 दिसंबर को दोपहर 3 बजे होगा। जिस सभागार में तीन दिवसीय अधिवेशन होना है, उस सभागार का नाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार यशवंत राव केलकर के नाम पर रखा गया। श्री कहार ने बताया कि अधिवेशन में विभिन्न 11 सत्रों में सामाजिक, शैक्षिक विषयों पर चर्चा करते हुए प्रस्ताव लाए जाएंगे।

> **कल प्रदर्शनी का उद्घाटन**
>
> अभाविप मालवा प्रांत मंत्री कहार ने बताया कि प्रदर्शनी उद्घाटन 27 दिसंबर को शाम 5 बजे होगा। जन जातीय समाज के उत्थान के लिए अपना जीवन खपाने वाले मामा बालेश्वर दयाल प्रदर्शनी मंडप में अभाविप के वर्ष भर संगठनात्मक, कार्यात्मक विभिन्न आयाम गतिविधि कार्य के साथ यशवंत राव केलकर, भगवान बिरसा मुंडा, संविधान लेखन, संघ शताब्दी वर्ष, वन्देमातरम के 150 वर्ष, रतलाम की ऐतिहासिक धरोहर एवं रतलाम रेलवे के 100 वर्ष जैसे विषयों को प्रदर्शनी मैं शामिल किया गया है।

# चर्च में विशेष प्रार्थना कर एक–दूसरे को बधाई दी



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** क्रिसमस पर्व पर शहर के सभी चर्च में केक काट कर एक–दूसरे को बधाइयां दी गईं।

### क्रिश्चियन समाजजनों ने क्रिसमस पर्व उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया

प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के गीत गाए। सभी की खुशहाली और शांति के लिए प्रार्थना की गई। चर्चेस में सुबह से प्रार्थना की गई। सभी ने एक–दूसरे को बधाई ईदी।

शहर में गुरूवार को प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव (क्रिसमस पर्व) उत्साह के साथ मनाया गया। सैलाना बस स्टैंड स्थित फर्स्ट चर्च में सुबह बड़ी संख्या में समाजजन केक लेकर पहुंचे। सुबह क्रिसमस की विशेष प्रार्थना हुई। प्रार्थना फादर सेमसन दास ने करवाई।

प्रार्थना के बाद केक काटकर सभी ने एक–दूसरे को मेरी क्रिसमस, हैप्पी क्रिसमस कहा। सभी को केक बांटा गया। चर्च में एक–दूसरे को क्रिसमस की बधाई देने के साथ ही शहर के बाहर रहने वाले परिवार व रिश्तेदारों को मोबाइल के माध्यम से बधाई दी।

समाजजन सुबह से रात तक एक–दूसरे के घर पहुंचकर बधाई देने के साथ ही मिष्ठान खिलाकर उत्साह के साथ पर्व मनाया। शहर कांग्रेस कमेटी ने फर्स्ट चर्च पर पहुंचकर फादर सैमसन दास व समाजजनों को बधाई दी।

**चर्च को विशेष सजाया गया:** पर्व के चलते चर्च पर विशेष विद्युत सज्जा की गई हैं। वहीं परिसर के बाहर और अंदर भी विशेष आकर्षक सजावट की गई। जिससे पर्व का उत्साह दो गुना हो गया। समाजनों ने बताया कि पर्व के चलते महीने भर से तैयारी शुरू की गई थी। इसके साथ ही पखवाड़ेभर से पर्व के आयोजन जारी हैं।

> **विशेष प्रार्थना की**
>
> फसर्ट चर्च में बुधवार की शाम 5 बजे प्रार्थना का आयोजन किया गया। तू है महान, सर्व शक्तिमान..., इबादत करो उसकी, इबादत करो उसकी..., तेरी आराधना करूं, पाप क्षमा कर जीवन दे दे...जैसे कई गीतों के साथ प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाई गई। इस दौरान फर्स्ट चर्च के अलावा अन्य चर्च की कमेटी सदस्य और समाजजन मौजूद रहे।



# अटलजी ने इस दौर में पार्टी, संगठन खड़ा किया, जब कोई सुविधा नहीं थी : भाजपा जिलाध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भाजपा के संस्थापक अध्यक्ष, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी 101 वीं जयंती पर सुशासन दिवस मनाया गया। भाजपा ने इस मौके पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, स्वच्छता अभियान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए। भारत माता उद्यान मे हुई संगोष्ठी मे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हमें सारी सुविधा है, लेकिन अटल जी ने इस दौर मे पार्टी संगठन खड़ा किया, जब कोई सुविधा नहीं थी। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा मंचासीन रहे।

संगोष्ठी मे जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने कहा कि अटलजी पोखरन मे परमाणु परीक्षण कर भाजपा की शक्ति का प्रदर्शन किया था। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव–गांव को सड़क मार्ग से जोडकर विकास की मुख्यधारा मे शामिल कर दिया। वे दूरदृष्टि वाले नेता थे, उनका सम्मान विपक्ष भी करता था। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि भारत माता उद्यान में इससे पूर्व अटल स्मृति प्रदर्शनी का शुभारंभ महापौर श्री पटेल द्वारा किया गया। सुशासन दिवस पर प्रात: स्वच्छता अभियान चलाया गया। उसके बाद अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया ।

# युवा संगम मेले में 102 प्रतिभागियों का चयन

**रतलाम।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कलेक्टर मिशा सिंह के नेतृत्व एवं मुख्य कार्यापालन अधिकारी जिला पंचायत वैशाली जैन के मार्गदर्शन में गुरूवार को युवा संगम अंतर्गत संयुक्त रूप से रोजगार मेला, स्वरोजगार मेला, प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एवं मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजनांतर्गत मेलें का अयोजन किया गया। जिसमे भाग लेने वाली कुल 12 कंपनियों द्वारा निर्धारित मापदंड एवं इंटरव्यू के उपरांत कुल 102 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया।

चयनित प्रतिभागियों को संस्था के पार्षद पप्पू पुरोहित, प्राचार्य आईटीआई एवं प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी यूपी अहिरवार, एलडीएम मोहनलाल मीणा, सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र विजेंद्र आचार्य, आजीविका मिशन जिला पंचायत रतलाम वैभव चतुर्वेदी के द्वारा ऑफर लेटर/ऋण वितरण स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये । चयन करने वाली कंपनियों में से रतलाम 102 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयन किया।

# भारत माता की आरती कर किया हिन्दू सम्मेलन कार्यालय का शुभारंभ

**जावरा।** नगर में होने वाले हिंदू सम्मेलनों में 11 जनवरी को केदारनाथ बस्ती मे सम्मेलन होगा। इस हिंदू सम्मेलन के कार्यालय का उद्घाटन विभाव संघचालक तेजराम मांगरोदा, नगर संघचालक धर्मेंदसिंह सिसोदिया, नगर कार्यवाह आकाश भावसार एवं हिंदू सम्मेलन संयोजक गोवर्धन पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मोके पर वक्ताओं ने कहा कि हिंदू सम्मेलन किसी एक व्यक्ति या संगठन तक सीमित नहीं बल्कि इसका उद्देश्य संपूर्ण हिंदू समाज को एक मंच पर एकत्रित करना है, उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आवश्यकता है कि हिंदू समाज अपनी सांस्कृतिक विरासत सामाजिक एकजुट और राष्ट्र के प्रति दायित्व को संगठित रूप में प्रस्तुत करें वक्ताओं ने महाभारत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को मोह नाश करने के लिए विराट स्वरूप का दर्शन कराया था उसी प्रकार आज समाज के समक्ष हिंदू एकता का विराट स्वरूप प्रस्तुत करना समय की मांग है

**धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे:** हिंदू सम्मेलन की मुख्य जानकारी देते हुए बताया गया की 11 जनवरी को प्रात: 11:00 बजे से मठ मंदिर नया मालीपुरा में एकत्रित होकर केदारनाथ बस्ती के सभी हिंदू परिवार को आमंत्रित किया गया है इस दौरान हिंदू समाज की एकता सांस्कृतिक चेतना सामाजिक समरसता राष्ट्र निर्माण में भूमिका तथा भावि कार्य योजना पर विचार विमर्श किया जाएगा साथ ही सामूहिक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

**इन्हे सोपी जिम्मेदारी:** विभाव संघ संचालक ने संबोधित करते हुए हिंदू सम्मेलन की महत्वता एवं उद्देश्य को समझाया। इस अवसर पर संचालन टोली में संयोजक गोवर्धन पटेल एवं सह संयोजक मनोहर दईया , रमेश देवड़ा (सेवानिवृत रेल्वे), दीपक बैरागी, सतीश सैनी कर सलाहकार, हिसाब प्रमुख राहुल गेहलोत एवं रोहित बानोपा को सर्वसहमति से नियुक्त किया गया।

**आयोजन** | आयोजन गौसेवा और शिवभक्ति के समन्वय का बनेगा अद्भुत उदाहरण

# कालूखेड़ा गौशाला परिसर में शिव महापुराण कथा पर होंगे प्रवचन



**नवभारत न्यूज़**

**जावरा/कालुखेडा।** समाज सेवा, गौ सेवा एवं धार्मिक गतिविधियों को समर्पित स्वर्गीय महेंद्रसिंह कालूखेड़ा गौशाला समिति, तालीदाना द्वारा 28 दिसम्बर रविवार से 3 जनवरी 2026 शनिवार तक श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन गौशाला परिसर में संपन्न होगा। इस पावन अवसर पर परम पूज्य संतश्री नमन वैष्णव के मुखारविंद से प्रतिदिन श्री शिव महापुराण कथा पर आधारित दिव्य प्रवचन होंगे। साथ ही हर दिन क्षेत्र के एक विशिष्ट संत भी पधारकर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। आयोजन समिति के संरक्षक केके सिंह कालूखेड़ा, अध्यक्ष गजराजसिंह राठौर गज्जु बना, सचिव मदनसिंह चौरड़िया एवं कोषाध्यक्ष मन्नालाल ने गुरुवार को गौशाला पर आयोजित पत्रकार वार्ता में संयुक्त रूप से यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन गौसेवा और शिवभक्ति के समन्वय का अद्भुत उदाहरण बनेगा। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि अधिक से अधिक सं या में पधारकर इस पुण्य अवसर के सहभागी बनें। महिलाओं के लिए अलग से बैठने की विशेष व्यवस्था भी की गई है।

गौशाला के विकास हेतु समिति द्वारा जनसहयोग से अब तक 1 करोड़ 18 लाख 15 हजार रुपए की लागत से अनेक निर्माण एवं सुविधाएं विकसित की गई हैं। इनमें छह टीन शेड, पक्का स्टेज, बाउंड्रीवाल, 50 पंखे, दो बड़े पानी के होज, गौमाता व देव मंदिर, भव्य भोजनशाला, नंदी शाला, संत आवास, स्टाफ आवास, 8 कमरे, शौचालय, ट्यूबवेल, ट्रेक्टर–ट्रॉली, जनरेटर, बिजली लाइन, वर्मी क पोस्ट, गौबर कंडे उत्पादन इकाई एवं नेपियर घास की खेती जैसी सुविधाएं शामिल हैं। वर्ष 2024–25 में भी गौशाला के उन्नयन हेतु 20 लाख की लागत से विशाल भूसा गोदाम, 16 लाख से बाउंड्रीवाल तथा 3 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक, रंगाई–पुताई, पानी की हौद एवं चारा लियाने का निर्माण कराया गया।

> **380 गौ माता की सेवा के लिए 13 कर्मचारी**
>
> समिति पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2019–20 से शासन में पंजीकृत यह गौशाला 4.85 हेक्टेयर भूमि पर संचालित हो रही है, जहां वर्तमान में 380 गौमाताओं की सेवा की जा रही है। उनकी देखरेख के लिए 13 कर्मचारी दिन–रात सेवाभाव से कार्यरत हैं। यहां गौवंश के लिए उत्तम आहार, दवाइयां, इलाज तथा सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं और विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की सेवाएं भी ली जाती हैं।